Gyansthali Public School

By- Pass, Miranpur, Distt- Muzaffarnagar, UP- 251315
Senior Secondary, Affiliated to CBSE, New Delhi
Affiliation No- 2130790, Cont: 9520035502

GPS/Circular/2022 28.10.2022

'Joy of Giving'

प्रिय अभिभावक,

देने वाले की खुशी, प्राप्त करने वाले की खुशी से, हमेशा बड़ी होती है । और किसी को कोई वस्तु दान स्वरूप देने से जो आनंद प्राप्त होता है, वह अतुलनीय है । हमें अपने बच्चों में क्षमता के अनुसार दान देने की प्रवृति को पोषित करना चाहिए ।

इसी कड़ी में हम अपने बच्चों के लिए विद्यालय में 'जॉय ऑफ गिविंग' एक्टिविटी आयोजित कर रहे हैं । इस एक्टिविटी में हमारे बच्चे अपने पुराने कपड़े, जूते, खिलौने आदि, जिनको वो अब उपयोग नहीं कर रहे हैं, को स्कूल में जमा करेंगे तथा उसके बाद उन वस्तुओं को अपने हाथ से स्कूल के बाहर गरीब, असहाय, अनाथ एवं सुपात्र बच्चों को दान देंगे ।

आपसे अनुरोध है कि-

1. पुराने कपड़े, जूते एवं खिलौने ही दान हेतु दें, कोई नई वस्तु खरीदकर नहीं देनी है ।
2. कपड़ा अथवा जूता फटा हुआ नहीं होना चाहिए एवं खिलौना टूटा हुआ न हो ।
3. कपड़ों को अच्छे से धोकर, प्रेस करने के बाद एक ट्रांसपेरेंट बैग में पैक करके दें ।
4. जूतों एवं खिलौनों को भी अच्छे से साफ करके पैक करके दें ।
5. प्रत्येक बैग पर बच्चे का नाम, कक्षा एवं एस आर नंबर अंकित कर दें ।

यह एक्टिविटी पूर्णतया स्वैच्छिक है । यदि आपके पास देने योग्य कोई कपड़े, जूते अथवा खिलौने नहीं हैं तो आप बाध्य नहीं हैं । जो बच्चे/ अभिभावक 'जॉय ऑफ गिविंग' में प्रतिभाग करना चाहते हैं वो कृपया बृस्पतिवार दिनाँक- 03 नवम्बर 2022 तक कक्षा अध्यापक को अच्छी तरह से पैक किया हुआ सामान जमा करा सकते हैं ।

सादर

डी के धीमान
प्रधानाचार्य